Demand to develop Water Sports and Tourism in Samastipur

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर)** : धन्यवाद सभापति जी । आपने मुझे अपने क्षेत्र समस्तीपुर के एक गंभीर मुद्दे को उठाने का अवसर दिया । हमारे क्षेत्र में कई ऐसी नदियां हैं, जो वहां से बहती हैं और बहुत सारा एरिया बांध का एरिया है । हमारी मांग यह है कि यहां पर वाटर स्पोर्ट्स एरिया को डेवलप किया जाए पर समस्या यह है कि जो सिल्ट है, वह बहुत अधिक जमा हो जाता है । प्रत्येक वर्ष गंडक नदी में 50 हजार क्यूबिक मीटर सिल्ट जमा हो जाता है, जिससे वाटर फ्लो अफेक्ट होता है और बाढ़ का खतरा भी बढ़ जाता है । सिल्ट की सफाई से हमें कई लाभ मिलेंगे और नदियों की क्षमता बढ़ेगी, जिससे बाढ़ का खतरा भी कम हो जाएगा । वाटर स्पोर्ट्स के लिए एक उपयुक्त वातावरण भी तैयार होगा तथा टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी वजह से वहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा । वहां के जितने भी लोग हैं, उनको होलिस्टिक डेवलपमेंट हो पाएगा । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग करे और एक सफल परियोजना बनाने में अपना योगदान दे । यह सिर्फ जल संसाधनों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि शिवाजी नगर प्रखंड, खानपुर प्रखंड, कल्याणपुर प्रखंड जो हमारे क्षेत्र में आते हैं, जो बाढ़ग्रस्त इलाके हैं, उनका भी विकास होगा । ये सारे क्षेत्र विकसित करने में हमारा सपना भी साकार होगा और विकसित भारत, विकसित बिहार का लक्ष्य भी हमें प्राप्त होगा ।